प्रेम दीवानी | By Jatinder Singh

मुरली वाले कान्हा मेरे सुनलो मेरी पुकार
मैं तो तेरी दीवानी हूँ तू मेरा कृष्ण मुरार

मुझे हर पल मेरे कान्हा बस तेरी याद सतावे
मेरी अँखियों से नींद उडी ना चैन भी दिन को आवे
राधा तेरी तुझमे खोई तू मेरी श्रृंगार
मैं तो तेरी दीवानी हूँ तू मेरा कृष्ण मुरार

तू वृन्दावन की गलियों में संग गोपिया रास रचावे
रहे दूर दूर तेरी राधा से क्यूँ इतना तू तडपावे
छोटी छोटी बातों पे क्यूँ करते हो तक़रार
मैं तो तेरी दीवानी हूँ तू मेरा कृष्ण मुरार

बस इतनी सी मेरी अर्ज़ी है अपने चरणों में रख लीजे
बस ज्यादा कुछ ना चाहूँ मैं अपनी भक्ति का रस दीजे
कृष्ण कन्हैया मिला है मुझको हो गया बेडा पार
मैं तो तेरी दीवानी हूँ तू मेरा कृष्ण मुरार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-jatinder-singh/